Whirlpool CORPORATION




# हमारा इंटिग्रिटी मैनुअल

गलत काम करने का
कोई सही तरीका नहीं

# हमारे आदर्श

हमारे कंपनी के चिरस्थाई विशिष्ट मूल्य, हमारी कंपनी विरासत का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह हमारे हर कर्तव्य के लिए नैतिक दिशासूचक का काम करते हैं।




## सही काम करने का तरीका है व्हर्लपूल तरीका

अगर हम सत्यनिष्ठा के साथ कामयाबी हासिल नहीं करते, तो हम कभी भी अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। यह इंटिग्रिटी मैनुअल हमारी सत्यनिष्ठा को कार्य के रूप में बदलने में आपका सहायक साबित होगा।



# सत्य के प्रति निष्ठा...बनाती है विजेता



**मार्क बिट्ज़र**
**चीफ़ एक्ज़ेक्यूटिव ऑफ़िसर, व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन**


क्या आपको याद है कि आख़िर व्हर्लपूल के प्रति आप क्यों आकर्षित हुए? मेरे लिए तो कंपनी की सत्य के प्रति वचनबद्धता के साथ सफलता हासिल करना ही सबसे मुख्य कारण है। इसीलिए तो शायद मैं भी हर हाल में कंपनी के मूल्यों को कायम रखने की कोशिश करता हूं। क्योंकि आज की बदलती दुनिया में यही सिद्धांत और मूल्य ही हमारे सच्चे मार्गदर्शक हैं!

सत्य के प्रति विश्वास हमारे हर काम में झलकता है। और यही विश्वास हमारी सफलता की ठोस बुनियाद है। हमें अपने मूल्यों पर इतना अटूट विश्वास है कि किसी भी कानून को तोड़ने या अपने मूल्यों के साथ समझौता करने के बजाय हम अपना कारोबार छोड़ना ज़्यादा पसंद करेंगे।

बहरहाल, हर कंपनी का एक ही मकसद होता है– कामयाब होना, मुझे इस बात पर गर्व है कि सही तरीके से कामयाबी हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं... व्हर्लपूल तरीका –जहां कोई भी गलत काम करने का, कोई सही तरीका कभी नहीं होता। हो सकता हमें हमारी कामयाबी के लिए कोई याद न करें, लेकिन मुझे पूरा यक़ीन है कि लोग यह ज़रूर याद रखेंगे कि हमने किस तरह से कामयाबी हासिल की। सत्य के प्रति निष्ठा बिना हासिल सफलता का हमारी नज़र में कोई मोल नहीं!

इसका बुनियादी स्तर पर पालन करने का मतलब है– कानून का सख़्ती से अमल करना। व्हर्लपूल में अपने ग्राहकों, सहकर्मियों, हितकारको और उस सम्पूर्ण समाज का विश्वास जीतने के लिए मूल्यों का सबसे उच्च मापदंड अपनाया जाता है, जहां हम काम करते हैं। यही साबित करता है कि हम क्या हैं और कैसे हैं। हमने इसके लिए एक इंटिग्रिटी मैनुअल तैयार किया है और हम चाहते हैं कि आप इस पर सख़्ती से अमल करें...यह है व्हर्लपूल तरीका!

जीत के लिए आपकी वचनबद्धता के लिए हम दिल से आपके आभारी हैं... व्हर्लपूल तरीका जहां एक भी गलत काम करने का एक भी सही तरीका नहीं!!








# विषय–तालिका


| | |
|---|---|
| हमारे सी ई ओ का संदेश | 01 |
| यह हमारी ज़िम्मेदारी है | 05 |
| आपका काम मायने रखता है | 06 |
| नैतिकता पूर्ण निर्णय लें | 07 |
| प्रश्न कैसे पूछें या समस्याएं कैसे बताएं? | 08 |
| बिना प्रतिशोध के | 09 |
| **हमारे सिद्धांत** | |
| हम करतें हैं वही...जो हमारे उपभोक्ताओं के लिए है सही | 10 |
| हमारे हर काम का केन्द्रबिंदु हैं हमारे उपभोक्ता | 12 |
| हम सुरक्षित और उत्कृष्ट गुणवत्ता के उत्पादनों का डिज़ाइन तैयार करते हैं और इनका उत्पादन करते हैं। | 13 |
| हम निभाते हैं अपना वादा | 14 |
| हम अपनी गोपनीयता का सम्मान करते हैं | 15 |
| हम वही काम करते हैं, जो हमारे अपने लोगों के हित में हो | 16 |
| हम एक–दूसरे का सम्मान करते हैं और विविधता एवं समावेशन को बढ़ावा देते हैं | 18 |
| हम सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं | 19 |
| हम वैश्विक मानव अधिकारों पर विश्वास करते हैं | 20 |
| हम संपोषणीयता एवं पर्यावरण के लिए प्रतिबद्ध हैं | 21 |
| हम वही काम करते हैं, जो हमारी कंपनी के हित में हो | 22 |
| हम अपने हर काम की सम्पूर्ण और सही जानकारी देते हैं | 24 |
| हम कंपनी की परिसंपत्ति का सही तरीके से इस्तेमाल करते हैं | 25 |
| हम गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखते हैं | 26 |
| हम हित संबंधी विवादों को दूर रखते हैं | 28 |
| हम कंपनी का प्रतिनिधित्व सही तरीके से करते हैं | 29 |
| हम अपना कारोबार चलाते हैं सही तरीके से | 30 |
| हम व्यापार सही तरीके से करते हैं | 32 |
| हम उचित तरीके से प्रतिस्पर्धा करते हैं | 34 |
| हम काले धन के सख्त खिलाफ़ हैं | 36 |
| हम अपने वैश्विक कारोबार को नैतिकता के साथ करते हैं | 37 |
| हम अपने विक्रेताओं से भी नैतिकतापूर्ण कारोबार की अपेक्षा करते हैं | 38 |







# यह हमारी ज़िम्मेदारी है

## विश्वास जीतना ज़रूरी है।

हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम इस इंटिग्रिटी मैनुअल को समझें, अपनाएं और इस पर पूरे दिल से अमल करें। यह हर एक पर लागू होता है, फिर चाहे कंपनी में आप किसी भी पद पर हों, दुनिया के किसी भी कोने में हों। हमें विश्वास है कि आप पूरी सत्यनिष्ठा के साथ जीत की हमारी इस परम्परा को कायम रखेंगे!

हम जानते हैं कि कुछ परिस्थितियां आसान नहीं होतीं, लेकिन ऐसे समय में आप अकेले नहीं हैं। क्योंकि हर कदम पर आपका मार्गदर्शन करने के लिए हमारे साथ है– व्हर्लपूल तरीका। इसमें हैं महत्त्वपूर्ण सुझाव, सकारात्मक उदाहरण और ऐसे संसाधन, जो हमारी सत्य के प्रति निष्ठा को कार्यरूप देने में आपकी मदद करेंगे।

**यदि आपको टीम का नेतृत्व करने का अवसर मिलता है, तो यह आपकी ज़िम्मेदारी बनती है कि आपकी टीम इंटिग्रिटी मैनुअल में दिए सिद्धातों को समझे और उनका पालन करें।**

### व्हर्लपूल तरीका

यह व्हर्लपूल मैनुअल हमारी सत्य के प्रति निष्ठा को कार्यरूप देने में सहायक साबित होगा। हम अपने कर्मचारियों, निवेशकों, उपभोक्ताओं, समाज एवं हितकारकों के प्रति पूरी निष्ठा रखते हैं। अपने उत्पादनों की मांग तैयार करने और उपभोक्ताओं का विश्वास जीतने की हमारी चाह ही हमें सही काम करने और सही फ़ैसला लेने की प्रेरणा देती है। तभी तो जीत का है सिर्फ़ एक ही तरीका... **व्हर्लपूल तरीका!**

**''हमारा विश्वास है कि हम अपना लक्ष्य कैसे पूरा करते हैं, यह इतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना यह कि हम क्या हासिल करते हैं!''**

**सत्यानिष्ठा बिना हासिल सफलता, असफलता है**



# आपका काम मायने रखता है

हमारी सत्य के प्रति निष्ठा को कार्यरूप देने और लंबे समय तक सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए हर एक ज़िम्मेदार है।

नीचे कुछ ऐसे उदाहरण प्रस्तुत हैं जो बताते हैं कि हमारे कर्मचारी किस तरह सत्यनिष्ठा के साथ जीते हैं और आगे बढ़ते हैं।



''हम अपनी नीतियों और कानूनों का पालन करने के लिए प्रक्रियाओं और नियंत्रण की रचना करते हैं''



''मैं हमेशा अपनी टीम के सम्पर्क में रहती हूं और अपनी टीम को सवाल पूछने और मुश्किलों का हल ढूंढने के लिए प्रोत्साहित करती रहती हूं।''



''यदि मुझे कुछ शंकास्पद लगता है तो मैं उस पर सवाल करता हूँ। यदि मेरी टीम सत्यनिष्ठा के साथ काम नहीं करती तो मैं उनको उत्तरदायी ठहराता हूँ''



''मैं कंपनी के मूल्यों को अच्छी तरह जानता-समझता हूं और हर दिन इन पर अमल भी करता हूं।''



''मैं इस बात पर नज़र रखती हूं कि मेरी टीम वक़्त पर ट्रेनिंग पूरी करे और हम आपस में मिलकर सोचते हैं कि इसका इस्तेमाल रोज़ाना के कामों में किस तरह किया जाएं।''



''मैं अपनी टीम को व्हर्लपूल तरीके से अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए इन्हें सम्मानित भी करता हूं और पुरुस्कृत भी!''

### जब व्हर्लपूल तरीका नहीं अपनाया जाता, तब क्या होता है?

हमें आपका ख्याल हमेशा रहता है और हम आपको और कंपनी को सुरक्षित बनाना चाहते हैं। इस इंटीग्रिटी मैनुअल पर अमल न करने पर आप और कंपनी दोनों को नुकसान हो सकता हैं।

- विश्वास टूट जाना
- बहुत भारी जुर्माना और दंड
- प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचना
- जेल की सज़ा

इसके अलावा, आपको आंतरिक कार्यवाही का भी सामना करना पड़ सकता है जैसे:

- मुआवज़े और पेशे पर बुरा असर
- मज़दूरों की बरखास्तगी
- काम से निलंबन
- मौखिक या लिखित चेतावनी





Whirlpool CORPORATION

## गलत काम करने के लिए कोई भी तरीका सही नहीं हो सकता

यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम हर दिन सत्यनिष्ठा के साथ जीत हासिल करें और विश्वास जीतें। नीचे दिए गए कुछ बुनियादी सवाल ऐसी स्थितियों में बहुत लाभदायक और सहायक हो सकते हैं, जो इस मैनुअल में नहीं दिए गएं हैं...हमारी नीतियों या अन्य उत्कृष्ट

**क्या हम ऐसा कर सकते हैं?**
क्या ये हमारे मूल्यों के अनुरूप हैं?
क्या ये हमारे कानून, हमारी नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुरूप है?

नहीं → ऐसा न करें

पक्का पता नहीं → **पूछिए**
सही तरीका जानिए तब तक कोई काम न करें, जबतक यह निश्चित न हो जाए कि आपका फैसला हमारे मूल्यों, हमारी नीतियों और कानून के अनुरूप हैं या नहीं।

हां ↓

**क्या हमें ऐसा करना चाहिए?**
क्या ये सही है? क्या आप अपने काम को सार्वजनिक बनाना चाहते हैं? क्या व्हर्लपूल और आपकी प्रतिष्ठा पर इसका सकारात्मक असर होगा?

नहीं → ऐसा न करें

पक्का पता नहीं → **पूछिए**
करने से पहले अपने काम के तरीके और इसका परिणाम के बारे में अच्छी तरह सोंचे। यह सोचकर काम करें कि आपका काम सब पर जाहिर होगा।

हां ↓

**क्या हम ऐसा करेंगे?**
क्या आप इसके परिणाम को जानते हैं?
क्या आप अपने फैसले की ज़िम्मेदारी लेने को तैयार हैं?

नहीं → ऐसा न करें

पक्का पता नहीं → **पूछिए**
अपने काम के लिए केवल आप ज़िम्मेदार हैं? अपने काम के संभावित परिणामों को अच्छी तरह समझ लें। तभी कोई काम करें, जब आपको इस काम का अधिकार हो।

हां ↓

**तो आगे कदम उठाएं व्हर्लपूल तरीको से**

# प्रश्न कैसे पूछें या समस्याएं कैसे बताएं?

**किसी से भी सहायता लेने में झिझक महसूस न करें। हममें से हर एक को कभी न कभी मदद की ज़रूरत पड़ती हैं।**

एक सदी से भी अधिक समय से हमने सत्यानिष्ठा के साथ काम करते हुए विश्वास की पूंजी हासिल की हैं। लेकिन कभी कभी विश्वास टूटने में एक पल भी नहीं लगता। इस विश्वास को बनाए रखने के लिए आपके लिए इस मैनुअल और हमारी पॉलिसी को समझना बहुत ज़रूरी है। इसके बाद सही तरीके से, सही काम करना है। इसके लिए ज़रूरी है कि आप बेझिझक सवाल पूछें, अपनी समस्या बताएं। हमें सूचित करें कि कौन है जो व्हर्लपूल तरीके से काम नहीं कर रहा हैं। हर कदम आवाज़ उठाना आपकी ज़िम्मेदारी है।

कंपनी में कई लोग हैं जिनसे आप सवाल पूछ सकते हैं, इन्हें अपनी समस्या बता सकते हैं। हम हर समय आपकी मदद के लिए तैयार हैं!

**क्या आपके पास कोई नया सुझाव, सवाल या समस्या है?**

**मै किसे बताऊं?**

## इंटिग्रिटी चैनल्स




### इसके अलावा आप...

**globalcompliance@whirlpool.com** पर ई-मेल भी भेज सकते हैं।

हमारी इंटिग्रिटी लाइन से सम्पर्क करें।

आपके लिए **www.whirlpoolintegrityline.com** पर जानकारी के अलावा, हर देश के लोकल फ़ोन नंबर भी उपलब्ध हैं।

## हमारी इंटिग्रिटी लाइन

हमारी इंटिग्रिटी लाइन एक ऐसी गोपनीय सेवा है, जिसका प्रबंधन व्हर्लपूल के लिए एक स्वतंत्र पक्ष द्वारा किया जाता है। यह इंटिग्रिटी लाइन ऑनलाइन और फ़ोन द्वारा सप्ताह के सातों दिन, 24 घंटे दस से भी अधिक भाषाओं में उपलब्ध हैं।

इंटिग्रिटी लाइन पर सम्पर्क करते समय, आप चाहें तो अपना नाम गोपनीय या गुप्त भी रख सकते हैं।

आप चाहें तो यहां कोई भी प्रश्न पूछे सकते हैं, अपनी समस्या बता सकते हैं या फिर लेखांकन, इंटरनल लेखांकन नियंत्रण या ऑडिटिंग (अंकेक्षण) संबंधी मामलों की शिकायत संचालन मंडल की ऑडिट कमेटी को सीधे भेज सकते हैं। साथ ही, आप ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष को 2000 नॉर्थ एम-63, एम डी 3602, बेंटन हार्बर, एम149022 पर भी अपनी शिकायत या समस्या लिखकर भेज सकते हैं।

# बिना प्रतिशोध के

**अपने कर्मचारियों को प्रतिकार के खिलाफ़ सुरक्षित रखने के लिए व्हर्लपूल हर समय प्रतिबद्ध है।**

प्रतिरोध अथवा प्रतिकार, सद्भाव से किसी भी समस्या या दुर्व्यवहार का प्रतिवेदन करने का प्रत्यक्ष अथवा सूक्ष्म दुरपरिणाम है। जैसे किसी को डराना-धमकाना, अवसर न मिलना, कार्य संबंधी गलत सूचना देना और नौकरी से निकालना।

यदि कोई भी कर्मचारी किसी ऐसे व्यक्ति को प्रतिरोध दिखाएगा जिसने सही इरादे से किसी मामले में चिंता व्यक्त की है, उसे दंडित किया जाएगा। यदि आपको ऐसे प्रतिकार की जानकारी मिले तो तुरंत कदम उठाए: हमें बताएं

### पूछिए और फिर कदम उठाइए

**प्र. मैंने अपने संचालक को कुछ ऐसा करते देखा, जो व्हर्लपूल तरीके के खिलाफ़ था। यदि कंपनी हित के इरादे से इस बात की सूचना दूं तो क्या मुश्किल में फंस जाऊंगा?**

**उ.** बिल्कुल नहीं, अगर आप कंपनी हित के इरादे से इस बात की सूचना देंगे तो आपको कुछ नहीं होगा, फिर चाहे आपकी सूचना गलत ही साबित क्यों न हो। आपकी सूचना की जांच-पड़ताल बहुत ही उचित, निर्पेक्ष और निष्पक्ष भावना से की जाएगी।

> **"हम किसी भी ऐसे कर्मचारी को सहन नहीं करेंगे,जो कंपनी के हित में नैतिक ज़िम्मेदारी प्रदर्शित करने वालों से बदला लेने की कोशिश करेंगे।"**

### व्हर्लपूल तरीके से सही काम करना

''गलत काम करने के लिए कोई सही तरीका नहीं यानी आपको अगर कोई देख नहीं रहा, यदि आपके पकड़े जाने की कोई संभावना नहीं, यदि आपका संचालक भी कहे तब भी आप कोई गलत काम नहीं करेंगे। आप व्हर्लपूल तरीका अपनाएंगे और कंपनी की प्रतिष्ठा व नाम को सुरक्षित रखेंगे।''



# हम करतें हैं वही... जो हमारे उपभोक्ताओं के लिए है सही!

## यह क्यों महत्त्वपूर्ण है?

हमारे उपभोक्ता हर दिन हम पर भरोसा करते हैं। हमारे लिए उपभोक्ताओं से बढ़कर कोई नहीं है। सत्यनिष्ठा और व्हर्लपूल तरीके से साथ काम करते हुए हम हर दिन इनका विश्वास और अटूट बनाते जाते हैं। इसलिए यह कंपनी की प्रतिष्ठा हमारे ब्राण्ड और हमारे उत्पादनों की नेतृत्व रणनीति के लिए बहुत ज़रूरी हैं।

# हमारे हर काम का केन्द्रबिंदु हैं हमारे उपभोक्ता

## हमारे लक्ष्य, अभियान और रणनीति का केन्द्रबिंदु हैं हमारे उपभोक्ता

हम 100 से भी अधिक वर्षों से अपने ब्राण्ड की अलग पहचान बनाने और दुनिया भर के उपभोक्ताओं का विश्वास जीतने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। हम दुनिया के हर घर में अपने सर्वोत्तम ब्राण्ड पहुंचाने के लिए प्रयत्नशील हैं। और अगर हम अपने उपभोक्ताओं की परवाह नहीं करेंगे तो हम कभी ब्राण्ड और उत्पाद नेतृत्व का लक्ष्य नहीं पा सकेंगे।

### आपके लिए इसका क्या महत्त्व है?

- अपने हर काम में कंपनी के लक्ष्य और दृष्टिकोण के महत्त्व को समझें और इस पर अमल करें
- अपने हर काम के दौरान उपभोक्ताओं का ध्यान अवश्य रखें



## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. उत्पाद लॉन्च में तेजी लाने के जोखिम के बारे में चर्चा के दौरान किसी ने इस बात पर विचार नहीं किया कि यह उपभोक्ताओं के अनुभव को कैसे प्रभावित करेगा। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

उ. हमें हर काम करते समय सबसे पहले उपभोक्ताओं के विषय में सोचना चाहिए। आपको इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

स्त्रोत

यदि आपकी कोई समस्या है या आप कुछ पूछना चाहते हैं तो किसी भी इंटिग्रिटी चैनल से सम्पर्क करें



हम करतें हैं वही...जो हमारे उपभोक्ताओं के लिए है सही!

# हम सुरक्षित और उत्कृष्ट गुणवत्ता के उत्पादनों का डिज़ाइन तैयार करते हैं और इनका उत्पादन करते हैं।

## घर पर मौजूदा हर उपभोक्ता हम पर भरोसा करता है। इसलिए हम पूरी निष्ठा से ऐसे उत्पादन तैयार करते हैं, जो उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ-साथ सुरक्षित भी हो।

उपभोक्ता हमारे उत्पादन अपने घर ले जाते हैं और हर दिन इनका इस्तेमाल करते हैं। इसलिए हम इन्हें उत्कृष्ट गुणवत्ता के ऐसे उत्पादन उपलब्ध कराते हैं जो हर पहलू से सुरक्षित हों, इनकी हर उम्मीद पर खरा उत्तरें। और ये बेफ़िक्र होकर इनका इस्तेमाल कर सकें।

हम अपने उत्पादनों की मांग तैयार करते हैं और हमारे उत्पादनों का उपयोग करने के दौरान उपभोक्ताओं की हर मुनासिब ज़रूरत को पूरा करके, उनका भरोसा कमाते हैं।

यदि हमारा कोई उत्पादन हमारे वादे पर खरा नहीं उतरता, तो हम इसके बदले अपने उपभोक्ताओं का विश्वास दोबारा बनाए रखने के लिए इन्हें खरीदी-पश्चात ऐसी विशिष्ट सेवा उपलब्ध कराते हैं, जो इनकी उम्मीद से कहीं अधिक होती है।

### आपके लिए ये क्यों महत्वपूर्ण है?

- ताकि आप उत्पादन की गुणवत्ता, सुरक्षा और नियामक अनुपालन को और बढ़ावा दे सकें।
- इसे समझकर, लगातार अपने हर काम में गुणवत्ता और सुरक्षा से संबंधित मानको का पालन करें
- कोई भी काम गलत तरीके से होता देखकर, तुरंत इसके खिलाफ़ आवाज़ उठाएं

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. मैंने कई बार मेरी लाइन पर ऐसे उत्पाद आते देखें हैं जिनमें गुणवत्ता संबंधी गड़बड़ी होती है। मेरे संचालक ने कुछ नहीं किया। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

उ. अपने संचालक से बात करें और अपनी टीम के गुणवत्ता विशेषज्ञ की सहायता से इस समस्या को सुलझाने की कोशिश करें। हमें हर समय गुणवत्ता मानक बनाए रखना है। क्योंकि हमारे ग्राहक बढ़िया गुणवत्ता के हक़दार हैं। समयसीमा को पूरा करने के लिए गुणवत्ता से कभी समझौता न करें

**प्र. मेरे भाई ने हाल ही में एक ओवन खरीदा है। उसने बताया की दरवाज़े के आसपास का मैटल बहुत गर्म हो जाता है इसलिए उसे अपनी बेटी के जलने का डर लगा रहता है। मुझे क्या करना चाहिए?**

उ. आप तुरंत इसके बारे में वैश्विक सुरक्षा और नियामक विभाग को सूचित करें। अपने संचालक की सहायता से इनसे सम्पर्क करें। साथ ही, अपने भाई को भी हमारी ग्राहक सेवा में फ़ोन करने के लिए कहें। किसी भी उत्पाद की सुरक्षा का मुद्दा सुलझाना हमारी सबसे महत्त्वपूर्ण ज़िम्मेदारी है।

स्त्रोत

जीसीपी-१२ उत्पाद सुरक्षा नीति। यदि आपकी कोई समस्या है या आप कुछ पूछना चाहते हैं तो गुणवत्ता विभाग वैश्विक सुरक्षा और नियामक विभाग, वैश्विक उत्पाद संघठन के अन्य सदस्य या किसी भी अखंडता चैनल से सम्पर्क करें।

# हम निभाते हैं अपना वादा

**ग्राहकों का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इनका विश्वास बनाए रखने के लिए हम अपने उत्पादनों एवं सेवाओं का विज्ञापन प्रचार पूरी ईमानदारी से करते हैं।**

अपने उत्पादनों के विषय में कोई भी निर्णय लेते समय हम इस बात का पूरा ख्याल रखते हैं कि इन तक यह जानकारी सही–सही पहुंचे इसलिए हम इनका विज्ञापन प्रचार ईमानदारी से इस तरह करते हैं कि हम अपने वादे पर पूरी तरह खरे उतरें। हम वहां के कानूनों का पालन करते हैं, जहां हम काम करते हैं। साथ ही हम हमारे उत्पादनों एवं सेवाओं को बढ़ावा देने वाले लोगों से भी यही अपेक्षा रखते हैं।

### आपके लिए इसका क्या महत्त्व है?

- हमारे विज्ञापनों और घोषणाओं द्वारा हर उत्पादन की सही जांच और प्रक्रिया को प्रमाणित करें।
- ध्यान रखें, हमारी ओर से कोई भी गलत जानकारी बाहर न जाएं।
- कंपनी, इसके ब्राण्ड्स और उत्पादों को ऑनलाइन पोस्ट करते समय यह अवश्य स्पष्ट करें कि आप व्हर्लपूल कर्मचारी हैं।

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र.** **उत्पाद की प्रस्तुति के आख़िरी समय कुछ परिवर्तन होने के कारण किसी एक उत्तपादन विशेष विवरण में गलती हो गई। अगर यह मामूली हो तो क्या विशेष विवरण को फ़िर से नविनतम करना ज़रूरी है?**

**उ.** जी हां, हमारे सभी विशेष विवरण हमेशा अचूक होना चाहिए। क्योंकि अपने उत्पादनों संबंधी अचूक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

**प्र.** **हम एक नए उत्पादन को बहुत जल्द प्रस्तुत करने वाले हैं और मेरे ख्याल से उद्योग में इसमें सबसे अधिक चक्र होने के कारण हम इसकी बिक्री भी ज़्यादा करेंगे। हमारे पास अनुसंधान के लिए वक़्त नहीं है, लेकिन मेरी जानकारी के आधार पर यह सच है। क्या मैं इस संदेश को हमारे उत्पाद की विज्ञान प्रचार सामग्री में शामिल कर सकता हूं?**

**उ.** नहीं, क्योंकि इस बात को साबित करने के लिए आपके पास तथ्य नहीं हैं। आपको संदेश विकास प्रक्रिया का पालन करने के लिए मार्केटिंग विभाग और कानूनी विभाग के साथ मिलकर काम करना चाहिए। इससे यह घोषणा करने के लिए आपको सही तथ्य एकत्र करने में मदद मिलेगी और आप अपने संदेश को प्रमाणित कर सकेंगे।

**स्त्रोत** जीसीपी–१ विज्ञापन नीति। यदि आपको कोई प्रश्न पूछना हों या कोई समस्या हो तो कानून विभाग या किसी भी इंटिग्रिटी चैनल से सम्पर्क करें।





# हम अपनी गोपनीयता का सम्मान करते हैं

**हम विश्वास जीतना और इसे बनाए रखना चाहते हैं। हम हमारे पास आने वाली हर व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने का कड़ा प्रयास करते हैं।**



हम व्यक्तिगत जानकारी की संवेदनशीलता को अच्छी तरह समझते हैं, इसलिए हम केवल वही जानकारी एकत्र करते हैं, जो हमारे कारोबार के लिए और कानूनी तौर पर ज़रूरी हों। यही नहीं, इनका उपयोग भी केवल बताए अनुसार ही करते हैं।

हम इस एकत्र की गई जानकारी को ऐसे लोगों को ही देते हैं, जिन्हें काम के संदर्भ में इसकी ज़रूरत हो। यदि आप इनमें से एक हैं, तो यह आपकी नैतिक ज़िम्मेदारी है कि आप उन लोगों की व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय और सुरक्षित रखें, जिन्होंने इसे व्हर्लपूल को दी है।

इसके अलावा, हम हमारे कर्मचारियों, विजिटर्स तथा अन्य व्यक्तियों और कनैक्टिड एप्लायंसेस के उपभोक्ताओं द्वारा एकत्र की व्यक्तिगत जानकारी को भी इसी तह सुरक्षित और गोपनीय रखते हैं।

### आपके लिए इसका क्या महत्त्व है?

- यह जानना कि किस तरह की जानकारी को सुरक्षित रखना है।
- व्यक्तिगत जानकारी को कानून के अनुसार सुरक्षित रखने के लिए बताई गई प्रक्रियाएं और नियंत्रण मापदंड अपनाएं।

### व्यक्तिगत जानकारी क्या है?

ऐसी जानकारी जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यक्ति की पहचान जाहिर करें।

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र.** **मेरी टीम हमारे उपभोक्ताओं की जन्म तारीख लेकर, इन्हें शुभकामनाएं भेजना चाहती है। क्या हम ऐसा कर सकते हैं?**

**उ.** जानकारी एकत्र करने से पहले, वैश्विक सूचना विभाग, आपके गोपनीयता अधिकारी या कानूनी विभाग से पूछें कि हम कैसे कानूनी तौर पर यह जानकारी एकत्र कर सकते हैं और क्या हमारे पास इसे सुरक्षित रखने के लिए उचित प्रक्रियाएं और नियंत्रण मौजूद हैं।

**प्र.** **मैं अपनी टीम को ऐसी स्प्रैडशीट दिखाता हूं, जिसमें उपभोक्ताओं के नाम और पते मौजूद हैं। इस फ़ाइल को अनुदान करना और व्यक्तिगत एक्सेस करना बहुत मुश्किल है। क्या मैं इसके बदले शेयरेवल लिंक विकल्प इस्तेमाल कर सकता हूं?**

**उ.** नहीं, आपको केवल ऐसे कर्मचारियों को ही इस एक्सेस की अनुमति देना चाहिए, जिन्हें काम के संबंध में इसका इस्तेमाल करना ज़रूरी हो। अन्य व्यक्तियों के साथ इसे साझा करना गोपनीयता कानून का उल्लंघन माना जाएगा।

**स्त्रोत** जीसीपी–४ गोपनीयता नीति। यदि आपकी कोई समस्या हो या आप कुछ पूछना चाहें तो जीआईएस, आपके गोपनीयता अधिकारी, कानूनी विभाग या किसी भी इंटिग्रिटी चैनल से सम्पर्क करें।



## हम वही काम करते हैं, जो हमारे अपने लोगों के हित में हो

### यह क्यों मायने रखता है?

हमारे मूल्य कंपनी और कर्मचारियों के बीच की अनोखी और अटूट साझेदारी की झलक देते हैं। कई लोग व्हर्लपूल में हमारी मूल्यों पर आधारित परंपरा के कारण शामिल होते हैं, जहाँ किसी गलत काम को करने का कोई सही तरीका नहीं है।

# हम एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और विविधता एवं समावेशन को बढ़ावा देते हैं

हम एक-दूसरे को और एक-दूसरे की सोच तथा विचारों को पूरा सम्मान देते हैं। हम मानते हैं कि अपनी असमानताओं का सम्मान करने पर ही लोग अपनी पूरी क्षमता के अनुसार योगदान कर सकते हैं।

हम अपने सहकर्मियों की परवाह करते हैं और उनके साथ सम्मान और आदर का व्यवहार करते हैं। हम लोगों, विचारों और मतों की विविधता का स्वागत करते हैं।

हमारा मानना है कि हम असम्मानजनक और संवेदनहीन व्यवहार से मुक्त समावेशी वातावरण में ही सबसे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। इसलिये हम कार्यस्थल पर आचारनीति के उच्चतम स्तर बनाये रखते हैं और किसी भी कर्मचारी, विक्रेता या अतिथि की ओर से या उनके खिलाफ किसी प्रकार का अपमानजनक व्यवहार, उत्पीड़न, या द्वेषपूर्ण बातें सहन नहीं करते।

हम एक सम्मानजनक और समावेशी परंपरा चलाने और सभी समुदायों की विविधता से सुसज्जित कर्मचारी-दल का निर्माण करना चाहते हैं। हम नियुक्ति और पदोन्नति के लिये भी न्यायपूर्ण पद्धति अपनाते हैं। हमारे नियुक्ति के फैसले समान अवसर, प्रतिभा, कुशलता और नौकरी से संबंधित प्रदर्शन पर आधारित होते हैं।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- सभी के साथ सम्मान और आदर का व्यवहार करें।
- भेदभाव और उत्पीड़न से मुक्त एक सम्मानजनक और समावेशी कार्यस्थल सुनिश्चित करें।
- हमेशा लोगों से जुड़े अपने निर्णय प्रतिभा के आधार पर लें और किसी भी तरह के भेदभाव की जानकारी रखें।

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. क्या विविधता और समावेश का अर्थ यह है कि मुझे महिलाओं या जातिगत अंतर रखने वाले उम्मीदवारों को अन्य लोगों से पहले नियुक्ति या बढ़ावा देना चाहिये?**

उ. इसका अर्थ है कि नियुक्ति या पदोन्नति का फैसला लेने से पहले आपको योग्य उम्मीदवारों के एक विविधतापूर्ण समूह में से चुनाव करना चाहिये। हम जाति या लिंग को ध्यान में न रखते हुए सबसे योग्य उम्मीदवारों को नियुक्ति और पदोन्नति देते हैं।

**प्र. मेरे अधिनायक हमेशा मेरे सुझावों को अनदेखा करते हैं, जबकि मेरे सहकर्मी के सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हैं। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. हम बेहतरीन प्रदर्शन तभी दे सकते हैं, जब हम विचारों की भिन्नता का स्वागत करें और सभी लोग अपनी पूरी क्षमता के अनुसार योगदान दें। संभव हो तो अपने अधिनायक को बतायें कि आप क्या महसूस करते हैं। अगर आपको लगता है कि आपके विचारों का सम्मान नहीं किया जा रहा है, तो मानव संसाधन या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।

**प्र. मेरा संचालक भद्दे चुटकुले सुनाता है और विनम्रता से मना करने पर भी अक्सर मेरे कंधे पर हाथ रखता है। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. हम एक सम्मानपूर्ण कार्यस्थल के निर्माण की पूरी कोशिश करते हैं। अगर आपको परेशानी है, तो सहायता के लिये मानव संसाधन से संपर्क करें या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल का इस्तेमाल करें।

**प्र. मैं मैटर्निटी लीव (मातृत्व अवकाश) पर जा रही हूं और मुझे चिंता है कि मेरे वापस आने पर क्या होगा। परिवार होने या माँ बनने के कारण मैं अवसर नहीं खोना चाहती। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. व्हर्लपूल विभिन्न कार्यक्रमों और लाभों द्वारा माता-पिता को सहयोग करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। अपने संचालक या मानव संसाधन से बात करके देखें कि आपको क्या सहायता मिल सकती है।

**स्रोत**

जीसीपी-७ विविधता, समान अवसर और कार्यस्थल पर सम्मान की नीति। कोई भी सवाल या चिंता होने पर मानव संसाधन विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।





# हम सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं..

हम अपने लोगों के लिये प्रतिबद्ध हैं। हम एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल का निर्माण करने के लिये कड़ी मेहनत करते हैं, जिसमें सभी लोग अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें।

हम चाहते हैं कि हमारा हर कर्मचारी, विक्रेता और अतिथि रोज़ सुरक्षित घर वापस लौटें। हम जोखिमों को पहचान कर और अपनी प्रक्रियाओं में लगातार सुधार लाकर एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल बनाये रखने का प्रयास करते हैं।

हम न सिर्फ स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नियमों को पूरा करने का, बल्कि उनसे आगे निकलने का प्रयास करते हैं। साथ ही हम किसी भी कर्मचारी, विक्रेता या अतिथि की ओर से या उनके विरुद्ध किसी प्रकार की हिंसा या हिंसा की धमकी सहन नहीं करते। हम एक हथियार-मुक्त कार्यस्थल हैं।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- एक स्वस्थ, सुरक्षित, हिंसा-मुक्त वातावरण का निर्माण करें।
- ज़िम्मेदारी से काम करें, और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा स्तरों तथा प्रक्रियाओं का पालन करें।
- आवश्यक निजी सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करें।
- हमारे कार्यस्थल पर खतरों को पहचानें और उनके समाधान का प्रयास करें।
- चोट और सुरक्षा में बाधक घटनाओं की उचित सूचना दें और उनका ब्यौरा रखें।

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. मैंने देखा कि मेरे एक सहकर्मी ने सुरक्षा चश्मे नहीं पहने थे। मैं उसे परेशानी में नहीं डालना चाहता, लेकिन मुझे उसकी सुरक्षा की भी चिंता है।चाहिये?**

उ. सबसे पहले, अपने सहकर्मी से बात करें और उसे आवश्यक सुरक्षा चश्मे पहनने की सलाह दें। अगर आप ऐसा करने में झिझक महसूस कर रहे हैं, तो अपने संचालक, मानव संसाधन या पर्यावरण,स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग से बात करें, ताकि किसी भी चोट या दुर्घटना को टाला जा सके।

**प्र. मेरे सहकर्मियों ने चोट लगने पर मुझे ''शांत'' रहने की सलाह दी, लेकिन मुझे कार्यस्थल पर गंभीर चोट लगी है। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. आपको तीन कारणों से अपनी चोट की सूचना जल्द से जल्द देनी चाहिये। पहला, हम चाहते हैं कि आपको उचित चिकित्सीय सेवा मिले। दूसरा, हम जानना चाहेंगे कि क्या हुआ, ताकि हम भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को टाल सकें। और अंत में, कुछ सरकारें चाहती हैं कि हम कार्यस्थल पर लगने वाली कुछ चोटों का विवरण रखें और उनकी सूचना दें।

**प्र. मेरे विभाग की एक खेल टीम है, जो काम के बाद व्हर्लपूल में खेलती है। हमारे पिछले खेल में एक गलती होने पर हमारे संचालक ने एक सहकर्मी को धक्का दे दिया। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. जल्द से जल्द मानव संसाधन, कॉर्पोरेट सुरक्षा या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें। हम सुरक्षित, हिंसा-मुक्त वातावरण बनाये रखने के लिये कड़ी मेहनत करते हैं।

**स्रोत**

जीसीपी-८ पर्यावरणीय, स्वास्थ्य, सुरक्षा और चिरस्थायित्व नीति। कोई भी सवाल या संदेह होने पर ईएचएस, कानून विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।

# हम वैश्विक मानव अधिकारों पर विश्वास करते हैं.

हम अपने हर काम में मानवाधिकार का समर्थन करते हैं। हम सहभाग की आज़ादी और निजी राजनैतिक सहभाग की स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं।

हमारी व्यापारिक प्रक्रियाओं में यह सुनिश्चित करने का समावेश है कि व्हर्लपूल के लिये काम करने वाला हर व्यक्ति अपने स्वतंत्र निर्णय पर सुरक्षित और स्वस्थ वातारण में काम करे। हम भेदभाव, गुलामी और बाल मजदूरी का विरोध करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हमारे पास उनसे बचने के लिये उचित साधन हैं। हम विविधता और मेहनताने की समतुल्यता को बढ़ावा देते हैं।

साथ ही हम कार्यस्थल से बाहर हमारे कर्मचारियों के चुनाव और राजनैतिक सहभाग के अधिकार का भी सम्मान करते हैं।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- जबरन या बाल मजदूरी का विरोध करें और वैश्विक मानवाधिकार तथा मजदूरी, समय और मेहनताने से संबंधित स्थानीय कानूनों का पालन करें।
- हमारे विक्रेता आचार संहिता द्वारा अपने विक्रेताओं और व्यापारिक साझेदारों को भी इन सिद्धांतों के पालन के लिये ज़िम्मेदार बनायें।
- अगर आप किसी भी राजनैतिक प्रक्रिया में निजी रूप से भागीदार हैं, तो यह काम अपने खाली समय में, व्हर्लपूल के संसाधनों का इस्तेमाल किये बिना, और खुद को व्हर्लपूल का प्रतिनिधि बताये बिना करें।

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. किसी ने बताया कि मुझे महिला होने के कारण मेरे पुरुष सहकर्मी से कम वेतन मिलता है। यह सही नहीं हैं। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. व्हर्लपूल कर्मचारियों को उनके प्रदर्शन और कुशलता के आधार पर वेतन देने के लिये प्रतिबद्ध हैं, न कि उनके लिंग या नौकरी से संबंध न रखने वाले उनके किसी भी गुण के आधार पर। अपने संचालक, मानव संसाधन या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से इस बारे में बात करें।

**प्र. हमारे विक्रेता का एक कर्मचारी बहुत ही कम उम्र का लगता है। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. यह एक बेहद गंभीर आरोप है और हमें सुनिश्चित करना चाहिये कि हम सिर्फ उन्ही विक्रेता के साथ काम करें, जो हमारी विक्रेता आचार संहिता का पालन करते हैं। कानून विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।

स्त्रोत

जीसीपी-७ विविधता, समान अवसर और कार्यस्थल पर सम्मान की नीति; जीसीपी-10 राजनैतिक गतिविधि नीति; विक्रेता आचार संहिता। कोई भी सवाल या संदेह होने पर मानव संसाधन या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।





# हम संपोषणीयता एवं पर्यावरण के लिए प्रतिबद्ध हैं

हम अपने परिसरों और उत्पादों में प्राकृतिक संसाधनों के चिरस्थायी इस्तेमाल में विश्वास रखते हैं और इसके लिये कड़ी मेहनत करते हैं।

हम अपने उत्पादनों के उत्पादन, वितरण, इस्तेमाल और प्रवृत्त करने की प्रक्रिया के दौरान पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम रखने का प्रयास करते हैं। हम पर्यावरणीय कानूनों और नियमों की आवश्यकताएँ पूरी करने और उनसे भी आगे निकलने की पूरी कोशिश करते हैं।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- हमारे परिसरों और हमारे द्वारा निर्मित उत्पादों में पानी और ऊर्जा बचाने में हमारी मदद करें।
- रीसाइकल्ड (पुनर्चक्रित) और वैकल्पिक सामग्री पर ध्यान देते हुए सामग्री और संसाधनों की खपत कम करने में हमारी मदद करें।
- वायु और सौर ऊर्जा जैसे बिजली बचाने वाले और पुनर्निमाण योग्य ऊर्जा स्रोतों में निवेश के अवसर पहचानें और उन्हें बढ़ावा दें।
- पर्यावरणीय पहलों को बढ़ावा दें और उनमें हिस्सा लें।

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. मेरे संचालक ने मुझे कूड़ा फेंकने की एक नयी हानिकारक पद्धति अपनाने के लिये कहा, लेकिन मुझे नहीं लगता यह सही है। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. अपने संचालक से बात करके सुनिश्चित करें कि आप उनके आग्रह को सही तरीके से समझ रहे हैं। पर्यावरण सुरक्षा प्रक्रियाओं के मामले में कभी अंदाज़ा न लगायें। इसके बाद भी चिंता बनी रहने पर ईएचएस या इंटेग्रिटी चैनलों से संपर्क करें।

**प्र. मुझे हमारे प्लांट के पास की नदी में तेल दिखाई दिया। मुझे पता नहीं है कि इसके लिये हमारा प्लांट ज़िम्मेदार है या नहीं। क्या मुझे किसी को सूचना देनी चाहिये?**

उ. हाँ। जल्द से जल्द अपने संचालक या ईएचएस अधिनायक को स्थिति की सूचना दें। आप इंटेग्रिटी चैनलों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

स्त्रोत

GCP-8 पर्यावरणीय, स्वास्थ्य, सुरक्षा और चिरस्थायित्व नीति। कोई भी सवाल या संदेह होने पर ईएचएस या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।




# हम वही काम करते हैं, जो हमारी कंपनी के हित में हो

## यह क्यों महत्वपूर्ण है?

हम उन उच्चतम स्तरों को कायम रखने के लिये प्रतिबद्ध हैं, जो व्हर्लपूल की ईमानदारी से जीत की परंपरा का हिस्सा हैं।

हम अपनी प्रतिष्ठा को सुरक्षित रखते हुए और कंपनी के लिये सही फैसले लेते हुए कंपनी के भीतर और बाहर लोगों का विश्वास जीतते हैं।

# हम अपने हर काम की सम्पूर्ण और सही जानकारी देते हैं

## हम प्रक्रियाओं और नियंत्रणों का पालन करते हुए समय पर, ईमानदार और सटीक व्यापारिक अभिलेख (रेकॉर्ड्स) तैयार करते हैं।

हम समझते हैं कि सार्वजनिक कंपनी होने के नाते हमें रिपोर्ट देने और जानकारी साझा करने के विशिष्ट लेखा संबंधी नियमों का पालन करना पड़ता है। झूठी जानकारी या गलतबयानी स्वीकार नहीं की जाती। हम सभी प्रक्रियाओं और नियंत्रणों का सही तरीके से अनुपालन जारी रखने के लिये ज़िम्मेदार हैं।

**यह आपके लिये क्या मायने रखता है?**

- समय पर सटीक और संपूर्ण विवरण तथा अभिलेख तैयार करें।
- चोरी, धोखाधड़ी और अन्य गलत प्रक्रियाओं की रोकथाम के लिये कंपनी के नियंत्रण सुनिश्चित करें।



### पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र.** **मेरे संचालक ने किसी लक्ष्य को पूरा करने के लिये मुझे ऐसा कहने के लिये कहा कि आज का शिपमेंट एक हफ़्ते पहले हमारे वेयरहाउस से निकल गया है। मुझे क्या करना चाहिये?**

**उ.** अपने संचालक से कहें कि आप ऐसा नहीं कर सकते और शिपमेंट की सही तिथि का इस्तेमाल करें। पिछले सप्ताह की तिथि का इस्तेमाल गलत है और इससे हमारे मुनाफे की गणना गलत हो सकती है। साथ ही इस बात की जानकारी किसी इंटेग्रिटी चैनल के माध्यम से देना भी महत्वपूर्ण है।

**मैंने अपनी पिछली व्यापारिक यात्रा के समय की सभी रसीदें सुरक्षित नहीं रखी थीं। क्या मैं उतनी ही राशि की किसी निजी खर्च की रसीद का इस्तेमाल कर सकता हूं?**

नहीं आपको किसी भी लेन-देन के लिये कभी भी गलत दस्तावेज़ों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिये। कृपया अपने प्रबंधक से अपनी स्थिति के विषय में बात करें और वित्त विभाग की सलाह लें। कंपनी की ओर से कोई भी व्यवस्था या भुगतान करने से पहले अपनी क्षेत्रीय नीतियों को समझें।

स्त्रोत

जीसीपी– ३ बही-खाता और रेकॉर्ड्स तथा आंतरिक नियंत्रण नीति। कोई भी सवाल या संदेह होने पर वित्त विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।





# हम कंपनी की परिसंपत्तियों का सही तरीके से इस्तेमाल करते हैं

## हम हमारे संसाधनों का इस्तेमाल ईमानदारी और कुशलता से करते हैं।

हम कंपनी के संसाधनों को सुरक्षित रखते हैं और उनका इस्तेमाल यथासंभव मितव्ययिता से करते हैं। हालांकि कभी-कभी कंपनी की संपत्ति का इस्तेमाल निजी कामों के लिये कर सकते हैं, लेकिन हम कभी भी कंपनी के संसाधनों का इस्तेमाल किसी निजी लाभ के लिये, व्हर्लपूल के बाहर किसी को देने के लिये नहीं करते और न ही उचित अनुमति के बिना उन्हें कंपनी परिसर से बाहर लाते हैं।

हमारी बौद्धिक संम्पद (इंटेललेक्चुअल प्रॉपर्टी) हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है। हम इन आविष्कारों, ब्रांड्स और गोपनीय व्यापारिक जानकारियों को सुरक्षित रखते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि इन्हें किसी के साथ साझा करने से पहले अनुमति की उचित प्रक्रिया पूरी की जाये। साथ ही हम औरों की बौद्धिक संम्पद का भी सम्मान करते हैं और उनसे भी इन नियमों के पालन की उम्मीद रखते हैं।

व्हर्लपूल कर्मचारी होने के नाते, हम समझते हैं कि कंपनी के समय, उपकरणों या जानकारियों की मदद से हमारे कार्य के अंतर्गत हमारे द्वारा तैयार किये गये सभी काम व्हर्लपूल की संपत्ति हैं। व्हर्लपूल को कानूनी अनुमति के अनुसार किसी भी समय सभी कंपनी संसाधनों के उपयोग की समीक्षा करने और उनका ध्यान रखने का अधिकार है।

**यह आपके लिये क्या मायने रखता है?**

- कंपनी की बौद्धिक संम्पद समेत किसी भी संपत्ति का इस्तेमाल सूझ-बूझ से करें।
- कभी भी कंपनी की संपत्ति का इस्तेमाल निजी लाभ के लिये न करें।
- सुनिश्चित करें कि कंपनी की संपत्तियों के इस्तेमाल और सुरक्षा से संबंधित हमारी नीतियों का पालन हो।
- सूचना प्रबंधन से जुड़ी हमारी नीतियों और निर्देशों का पालन करें।

### पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र.** **व्हर्लपूल ने एक हैंड ड्रिल ऑर्डर की थी, जिसका इस्तेमाल शायद ही कभी होता है। क्या मैं ड्रिल को घर ले जा सकता हूं और बाद में लौटा सकता हूं?**

**उ.** नहीं। सभी औज़ार और कार्यालय की सामग्री जैसे कंपनी के संसाधन हमारे काम में हमारी मदद के लिये हैं। कंपनी की अधिकांश संपत्तियों को परिसर से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं होती और इन्हें दूसरी जगह ले जाने के लिये आवश्यक अनुमतियों के साथ उचित प्रक्रियाएँ पूरी करना महत्वपूर्ण है।

**प्र.** **क्या मैं निजी संदेश भेजने के लिये व्हर्लपूल ईमेल का इस्तेमाल कर सकता हूं?**

**उ.** आपका कम्प्यूटर और ईमेल अकाउंट कंपनी की संपत्ति है और उनका सही इस्तेमाल हम सभी की ज़िम्मेदारी है। कम्प्यूटर और ईमेल जैसी कुछ कंपनी संपत्तियों का कभी-कभी उचित कारणों से निजी इस्तेमाल किया जा सकता है। इस प्रकार के इस्तेमाल से संबंधित हमारी नीतियों की पूरी जानकारी रखें।

**प्र.** **मुझे हमारे प्रॉडक्ट फीचर विचारों (आइडियाज़) को सुरक्षित रखने के लिये क्या करना चाहिये और कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है कि हम किसी और की वैचारिक संपत्ति का उल्लंघन नहीं कर रहे?**

**उ.** नये फीचर एवं विचारों को साझा करते समय लागू प्रक्रियाओं का पालन करें। अनुमति न होने पर नयी विशेषताएं या तकनीक को तीसरे पक्षों के साथ साझा न करें। हमारे आविष्कारों को सुरक्षित रखने के लिये कानून विभाग से संपर्क करें।

**प्र.** **हम किसी ब्रांड की बिक्री एक नये देश में शुरू करने की योजना बना रहे हैं। अपने ब्रांड को सुरक्षित रखने के लिये हमें क्या करना चाहिये?**

**उ.** किसी नये क्षेत्र में कदम रखते समय ट्रेडमार्क की सुरक्षा विचार किये जाने महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है। पहले से ही कानूनी विभाग की मदद से सुनिश्चित करें कि उस देश में हमारे लिये ट्रेडमार्क सुरक्षा उपलब्ध है। इसके अभाव में, भावी वितरक (डिस्ट्रीब्युटर) या अन्य ट्रेडमार्क सुरक्षा की अर्जी देकर मार्क के इस्तेमाल की रोकथाम कर सकते हैं।

स्त्रोत

जीसीपी–१५ कंपनी संपत्तियों के उचित इस्तेमाल की नीति; सूचना प्रबंधन नीति; वैश्विक रेकॉर्ड्स बनायें रखने अनुसूचि। कोई भी सवाल या संदेह होने पर वित्त विभाग, कानून विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।

# हम गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखते हैं

## हम जानकारी की उचित सुरक्षा और प्रबंधन सुनिश्चित करते हैं।

हम अपना काम करने के लिये आवश्यक सभी जानकारियों का उचित प्रबंधन करते हैं। हम अपनी और अपने उपभोक्ताओं, विक्रेता, बिज़नेस पार्टनर्स या अन्य तीसरे पक्षों की गोपनीय जानकारियों को सुरक्षित रखने के लिये उचित और आवश्यक सावधानियाँ बरतते हैं।

अगर आपको लगता है कि व्हर्लपूल की जानकारी या व्हर्लपूल की सुरक्षा में रखी गयी कोई अन्य जानकारी चोरी हो गयी है, खो गयी है, किसी अनधिकृत तीसरे पक्ष को दे दी गयी है या इसका कोई भी गलत इस्तेमाल हुआ है, तो इसकी जानकारी अपने क्षेत्रीय सर्विस डेस्क, कानून विभाग या वैश्विक जानकारी प्रणाली को दें।

साथ ही हम महत्वपूर्ण गैर–सार्वजनिक जानकारी (व्हर्लपूल या अन्य कंपनियों से संबंधित) को हमारी नीतियों और सुरक्षा कानूनों के अनुसार सुरक्षित रखते हैं।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- आपके द्वारा इस्तेमाल की जा रही जानकारी के प्रकारों को समझें और सुनिश्चित करें कि गोपनीय जानकारी के रखरखाव की हमारी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।
- गोपनीय जानकारी सिर्फ उनके साथ ही साझा करें, जिनके लिये जानना आवश्यक है। कंपनी के बाहर कोई भी गोपनीय जानकारी साझा करने से पहले प्रकटन के अधिकार की जाँच करें।
- साझा किये गये प्रणाली और दस्तावेज़ों के लिये इस्तेमाल की अनुमतियाँ तैयार रखें।
- गैर–सार्वजनिक जानकारी आपके पास होने पर कंपनी के स्टॉक या अन्य सिक्योरिटीज़ बेचें या खरीदें नहीं। यह जानकारी परिवार और दोस्तों समेत किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें।
- निवेशक समुदाय द्वारा संपर्क किये जाने पर, तुरंत उन्हें निवेशक संबंध से संपर्क करने के लिये कहें, अगर आप अधिकृत प्रवक्ता न हों।
- मीडिया से बातचीत से जुड़े दिशानिर्देशों के लिये ''हम करें कंपनी का उचित प्रतिनिधित्व'' देखें।

### महत्वपूर्ण गैर–सार्वजनिक जानकारी क्या है?

ऐसी जानकारी, जिसके आधार पर निवेशक कंपनी के स्टॉक खरीदने का फैसला कर सकता है, जैसे वित्तीय परिणाम, किसी महत्वपूर्ण नये उत्पादन की जानकारी, प्रबंधन में किसी बड़े बदलाव की जानकारी।

**स्त्रोत**

जीसीपी–५ गोपनीय जानकारी की सुरक्षा नीति; जीसीप-१६ कॉर्पोरेट प्रकटन नीति; सूचना प्रबंधन नीति; वैश्विक सूचना सुरक्षा नीति; वैश्विक रेकॉर्ड बनाए रखने अनुसूची। कोई भी सवाल या संदेह होने पर किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।



## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. मैं अपने परियोजना और ग्राहकों को इससे होने वाले लाभों को लेकर बेहद उत्साहित हूं। क्या मैं यह खबर मीडिया के साथ साझा कर सकता हूं?**

उ. अगर आपको आपके काम के हिस्से के रूप में ऐसा करने के लिये स्पष्ट अधिकार नहीं दिये गये हैं, तो नहीं। आपको सार्वजनिक मीडिया पर या कंपनी के बाहर के किसी भी व्यक्ति के साथ गोपनीय जानकारी साझा करने से बचना चाहिये।

**प्र. क्या मैं गोपनीय जानकारी प्राप्त और साझा करने के लिये व्हर्लपूल गूगल टूल्स का इस्तेमाल कर सकता हूं?**

उ. हाँ। स्थानीय गोपनीयता कानूनों द्वारा प्रतिबंधित न होने पर गूगल का इस्तेमाल जानकारी के दायरे को सीमित रखते हुए जानकारी प्राप्त और साझा करने के लिये किया जा सकता है। एक्सेस सेटिंग्स चुनते समय सावधान रहें और उन्हीं को साझा करें, जिन्हें अनुमति देना आवश्यक हो। तीसरे पक्षों के सामने जानकारी उजागर करते समय सुनिश्चित करें कि उनके पास प्रकटनरोधी अनुबंध है।

**प्र. मुझे पता है कि हम एक बड़े अधिग्रहण पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, लेकिन यह जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। मैं अपने रिटायरमेंट पोर्टफोलियो के लिये कुछ स्टॉक्स खरीदना चाहता था। क्या मैं ऐसा कर सकता हूं?**

उ. नहीं। अधिग्रहण पूरा हो जाने तक आप व्हर्लपूल या अधिग्रहण से प्रभावित होने वाली किसी भी कंपनी के स्टॉक की खरीद–बिक्री नहीं कर सकते। साथ ही आपको यह जानकारी गोपनीय रखनी होगी।

**प्र. मुझे एक उद्योग विशेषज्ञ का कॉल आया था, जिन्होंने मुझे व्हर्लपूल से जुड़े कुछ सवाल पूछे और उद्योग के चलन पर उनके परियोजना के लिये एक फोकस ग्रुप में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया। क्या मैं इसमें हिस्सा ले सकता हूं?**

उ. नहीं। कथित ''विशेषज्ञ नेटवर्क्स'' के निवेश विश्लेषक भीतरी जानकारी की तलाश में रहते हैं। वे आपको उद्योग की जानकारी के लिये पैसे का लालच भी दे सकते हैं। इन पक्षों को निवेशक समुदाय का एक हिस्सा ही मानें, जिनसे सिर्फ अधिकृत प्रवक्ता ही बात कर सकते हैं। तुरंत निवेशक संबंध से बात करें।

हम करतें हैं वही...जो हमारे उपभोक्ताओं के लिए है सही!



# हम हित संबंधी विवादों को दूर रखते हैं

## हम व्हर्लपूल के हित में काम करते हैं, जिसमें टकराव उत्पन्न होने की कोई संभावना न हो।

कई बार, आपका निजी जीवन और आपके हित कार्यस्थल पर लिये जाने वाले आपके फैसलों के लिये अनुपयुक्त स्थिति पैदा कर सकते हैं। ऐसी स्थिति को हितों का टकराव कहते हैं। ऐसे टकराव को लेकर स्पष्ट और ईमानदार रहना महत्वपूर्ण है, ताकि हम इनपर नियंत्रण रख सकें और व्हर्लपूल के हित में फैसला ले सकें।

कुछ स्थितियों में, टकराव उत्पन्न होना भी समस्या खड़ी कर सकता है। इसलिये हम हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने वाले उपहारों और मनोरंजन से जुड़े दिशानिर्देशों का पालन करते हैं।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- हितों के टकराव की किसी भी संभावना को उजागर करें। अपने संचालक या मानव संसाधन से बात करें, ताकि वे संभव टकरावों का मूल्यांकन कर सकें और आवश्यक होने पर उनका प्रबंधन कर सकें।
- टकराव के प्रकटन अद्यतन रखें।
- स्वतंत्र निर्णय लेने की अपनी क्षमता को सुरक्षित रखने के लिये सही दृष्टिकोण बनायें। टकराव का उत्पन्न होना भी समस्या खड़ी कर सकता है।
- कभी भी बयाने की राशि से ज़्यादा उपहार या मनोरंजन स्वीकार न करें, जब तक कि आपको आपके संचालक, मानव संसाधन या अनुपालन अधिकारी की ओर से इसकी अनुमति न हो।
- इस बात को ध्यान में रखें कि अलग-अलग कार्यक्रमों, क्षेत्रों और देशों में उपहारों और मनोरंजन से जुड़े ज़्यादा सख़्त नियम हो सकते हैं।
- उपहार और मनोरंजन से जुड़े दिशानिर्देशों के लिये ''हम करें रिश्वत की रोकथाम'' देखें।

### पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. मेरी बहन एक सलाहकार के लिये काम करती है। मुझे लगता है कि हमारे परियोजना के लिये उसकी कंपनी बिल्कुल सही होगी। क्या मैं उसका नाम सुझा सकता हूं?**

उ. हम विक्रेताओं का चयन उनकी प्रतिभा, विशिष्ट परियोजना के लिये उपयुक्तता और मूल्य के आधार पर करते हैं। अगर आप अपनी बहन की कंपनी का सुझाव देते हैं, तो आपको अपना संबंध बताना होगा और आप चयन प्रक्रिया या काम के निरीक्षक की भूमिका नहीं निभा सकते।

**प्र. पिछले दो महीनों से मेरी टीम का एक सहकर्मी अपनी कनिष्ठ कर्मचारी से प्रेम-संबंध में है। ऐसा लगता है कि वह उसकी मदद कर रहा है। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष अधीनस्थ के साथ कोई भी प्रेम संबंध प्रकट किया जाना चाहिये। अगर आपको लगता है कि किसी के साथ अन्याय हो रहा है, तो आपको स्थिति की चर्चा अपने संचालक या मानव संसाधन के साथ करनी चाहिये।

**प्र. एक विक्रेता ने मुझे एक स्थानीय दुकान का गिफ़्ट कार्ड उपहार में दिया। क्या मैं इसे स्वीकार कर सकता हूं?**

उ. नहीं। आप नकद या नकद के समतुल्य कोई उपहार नहीं ले सकते, चाहे उसका मूल्य कुछ भी हो। उपहार को विनम्रता से अस्वीकार करते हुए उन्हें बतायें कि हमारी उपहार और मनोरंजन नीति के तहत आपको इसे स्वीकार करने की अनुमति नहीं है। अगर ऐसा संभव नहीं है, तो अपने संचालक से बात करके इस स्थिति के समाधान की उचित योजना बनायें।

स्रोत

जीसीपी-६ हितों का टकराव नीति; जीसीपी-9 उपहार एवं मनोरंजन नीति; कोई भी सवाल या संदेह होने पर मानव संसाधन या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।





# हम कंपनी का प्रतिनिधित्व सही तरीके से करते हैं

## हम व्हर्लपूल की तरफ से बोलने वाले प्रतिनिधियों के संबंध में उचित प्रोटोकोल्स का पालन करते हैं।

सटीक प्रकटन सुनिश्चित करने और दुविधा से बचने के लिये, सिर्फ अधिकृत कर्मचारी ही व्हर्लपूल की तरफ से बात कर सकते हैं। इसमें मीडिया से बातचीत करने, परिसर की यात्राएँ आयोजित करने या दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करने का समावेश है।

कानून और गवर्नमेंट संबंध (सरकारी संबंध) या कानून विभाग द्वारा विशिष्ट स्वीकृति होने की स्थिति के अलावा, कंपनी सार्वजनिक रूप से कोई भी राजनैतिक पक्ष नहीं ले सकती और न ही राजनीति में शामिल हो सकती है या राजनैतिक योगदान कर सकती है।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- कंपनी की ओर से बात या कार्य न करें, जब तक कि ऐसा करने के लिये आपको विशेष अनुमति न हो।
- अनुबंध स्वीकार करने और उस पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकताओं को समझें।
- मीडिया द्वारा संपर्क किये जाने पर, तुरंत उन्हें संचार विभाग से संपर्क करने के लिये कहें, अगर आप अधिकृत प्रवक्ता नहीं हैं।
- सामाजिक मीडिया पर सावधानी से सहभाग लें। अधिकार न होने पर कंपनी ओर से न बोलें और निजी दृष्टिकोण साझा करते समय स्पष्ट रूप से व्यक्त करें।
- निवेशक समुदाय से बात करने से जुड़े दिशानिर्देशों के लिये ''हम गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखते हैं'' देखें।

### पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. एक कार्यक्रम में, एक सरकारी अधिकारी मुझसे व्हर्लपूल के व्यापार के बारे में बात करने लगा। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. अगर उचित हो, तो सरकारी अधिकारी का परिचय सरकारी संबंध विभाग से कराने का प्रस्ताव रखें। सरकारी अधिकारियों के साथ व्यापारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने से पहले मार्गदर्शन के लिये सरकारी संबंध से बात करें।

**प्र. मेरे संचालक ने मुझे $100,000 की सेवाओं को $50,000 के दो हिस्सों में बाँटने के लिये कहा, क्योंकि उन्हें सिर्फ $50,000 की स्वीकृति मिली है। क्या यह सही है?**

उ. नहीं। इस मामले में, कुल लेन-देन आपके संचालक के अधिकार क्षेत्र से बाहर है और उचित स्वीकृतिदाता के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। कभी भी झूठे या भ्रामक लेन-देन न करें।

स्रोत

जीसीपी-६ 10 राजनैतिक गतिविधि नीति; सामाजिक मीडिया नीति। कोई भी सवाल या संदेह होने पर संचार विभाग, सरकारी संबंध, कानून विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।



# हम अपना कारोबार चलाते हैं सही तरीके से

## यह क्यों मायने रखता है?

हम व्हर्लपूल की कार्यपद्धति से काम करने के लिये प्रतिबद्ध हैं, जिसमें गलत काम करने का कोई सही तरीका नहीं होता। हम अपने हर कार्यक्षेत्र में हर दिन, हर जगह लोगों का विश्वास जीतते हुए आचारनीति के उच्चतम स्तरों की अपनी परंपरा को सुरक्षित रखने के लिये कड़ी मेहनत करते हैं।

# हम व्यापार सही तरीके से करते हैं

## हम करे रिश्वत की रोकथाम

हम बिना रिश्वत और भ्रष्टाचार के व्यापार करते हैं। हम किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार सहन नहीं करते। हम अपने कर्मचारियों, विक्रेताओं और व्हर्लपूल की ओर से काम करने वाले तीसरे पक्षों से कठिन परिस्थितियों में भी हर जगह ईमानदारी से व्यापार चलाने की उम्मीद रखते हैं।

हम भ्रष्टाचार की रोकथाम और पहचान के लिये सख़्त नियंत्रण रखते हैं। साथ ही, गलत काम की सोच को भी दूर रखने के लिये हम सभी को सही निर्णय लेने की ज़रूरत है। सरकारी अधिकारी को रिश्वत देना गैरकानूनी है। कई देशों में व्यावसायिक रिश्वत पर भी प्रतिबंध है। आपके और व्हर्लपूल के लिये भ्रष्टाचार-विरोधी कानूनों के उल्लंघन का दंड गंभीर है।

ध्यान दें कि सिर्फ नकद भुगतान को रिश्वत नहीं माना जाता है। जिसे आप भेंट, भाव या सत्कार समझते हैं, उसे भी गैरकानूनी रिश्वत माना जा सकता है।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- रिश्वत की रोकथाम के लिये हमारी नीतियों, प्रक्रियाओं और नियंत्रणों का पालन करें।
- प्रत्यक्ष रूप से या तीसरे पक्षों के माध्यम से किसी भी रिश्वत का प्रस्ताव या रिश्वत या इसकी अनुमति न दें, चाहे राशि कितनी भी हो।
- सेवा या प्रक्रिया में तेज़ी के लिये पैसे न दें (सरकारी प्रक्रिया तेज़ करने के उद्देश्य से किये जाने वाले भुगतान)। इन्हें भी रिश्वत माना जा सकता है।
- अगर कोई रिश्वत देता या मांगता है, तो इसकी सूचना जल्द से जल्द अनुपालन या कानून विभाग के किसी अन्य कर्मचारी को दें।
- कानून विभाग द्वारा स्वीकृत दिशानिर्देशों और सभी कानूनों के साथ संगत होने पर ही किसी सरकारी अधिकारी को कोई भेंट या मनोरंजन प्रदान करें।
- प्रोक्योरमेंट के साथ बात करके सुनिश्चित करें कि सलाहकार या व्हर्लपूल की तरफ से काम करने वाले अन्य तीसरे पक्षों की नियुक्ति के समय उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।
- सुनिश्चित करें कि हमारी तरफ से काम करने वाले तीसरे पक्ष सही तरीके से काम करने की व्हर्लपूल की अपेक्षा को समझते हैं और सुनिश्चित करें कि वे हमारी ओर से किसी प्रकार की रिश्वत का प्रस्ताव या रिश्वत न दें।
- मनोरंजन और यात्रा के खर्च समेत अपने सभी लेन-देन का सटीक ब्यौरा रखें, जिसमें कंपनी की संपत्ति के इस्तेमाल से संबंधित विस्तृत जानकारी का समावेश हो।
- उपहार और मनोरंजन स्वीकार करने से संबंधित दिशानिर्देशों के लिये ''हम हितों के टकराव से दूर रहते हैं'' देखें।

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र.** **मेरे सलाहकार ने सुझाव दिया कि मैं उसे एक किचनएड स्टैंड मिक्सर दूं, जिसे वह मेयर की पत्नी द्वारा प्रायोजित एक दान संस्था को दान कर सके। उसने कहा कि इससे हमारी आवश्यक अनुमतियों के काम में तेज़ी आयेगी। मुझे क्या करना चाहिये?**

**उ.** दान न करें। सरकारी संस्था दान पर निर्भर नहीं होनी चाहिये। इसे रिश्वत माना जा सकता है, इसलिये आप न तो खुद दान कर सकते हैं, और न ही सलाहकार से करवा सकते हैं। जल्द से जल्द अनुपालन या किसी अन्य कानून विभाग के सदस्य से संपर्क करें।

**प्र.** **एक इंस्पेक्टर का कहना है कि वह व्हर्लपूल पर दंड लगाने वाला है, लेकिन उसकी टीम के लिये डिनर खरीदने पर यह दंड $1000 कम हो जायेगा। क्या मैं अपने बॉस से इस खर्च की अनुमति ले लूं?**

**उ.** नहीं। रिश्वत देना कभी उचित नहीं होता। इसपर सही प्रतिक्रिया जानने के लिये जल्द से जल्द अनुपालन या किसी अन्य कानून विभाग के सदस्य से संपर्क करें।







### सरकारी अधिकारी कौन हो सकता है?

इसके कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं:

- सरकारी कर्मचारी
- सरकार की ओर से काम करने वाला प्रतिनिधि
- राज्य अधिकृत उपक्रम का कर्मचारी
- सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय संगठन का कर्मचारी
- मनोनीत अधिकारी और राजनैतिक उम्मीदवार
- प्रमाणन या प्रत्यायन एजेंसियाँ या हमारे उत्पादन को प्रमाणित करने वाली अन्य संस्थाएँ
- ऊपर दिये गये लोगों के परिवार का कोई सदस्य या सहयोगी

### रिश्वत कैसी हो सकती है?

इसके कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं:

- नकद भुगतान
- उपहार या तोहफ़ा
- मदद
- सत्कार
- यात्रा
- राजनैतिक योगदान
- दान
- प्रायोजन
- नौकरी का प्रस्ताव
- पुरस्कार

**स्त्रोत**

जीसीपी-११ १० व्यापारिक आचरण, भ्रष्टाचार-विरोध और विदेशी भ्रष्ट गतिविधि अधिनियम पर नीति। कोई भी सवाल या संदेह होने पर कानून विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।

# हम उचित तरीके से प्रतिस्पर्धा करते हैं

## हम न्यायपूर्ण प्रतिस्पर्धा के लिये प्रतिबद्ध हैं।

हम न्यापूर्ण प्रतिस्पर्धा में विश्वास रखते हैं और नये, उत्कृष्ट उत्पाद अच्छी कीमतों पर बेच कर औरों से आगे निकलते हैं। हम अपने व्यापार क्षेत्र के देशों में लागू प्रतिस्पर्धा से जुड़े सभी कानूनों का पालन करते हैं (जिन्हें 'ऐंटीट्रस्ट'' कानून भी कहा जाता है), और हम प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाने वाले अनुबंध नहीं करते हैं।

साथ ही हम अपने व्यापारिक ग्राहकों की मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता का भी सम्मान करते हैं और हम औरों को प्रतिस्पर्धा में न आने देने के लिये अपने व्यापार के आकार का गलत इस्तेमाल नहीं करते।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- कोई भी ऐसा अनुबंध न करें, जो प्रतिस्पर्धियों पर अनुचित अंकुश लगाता हो।
- किसी प्रतिस्पर्धी के साथ कोई अनुबंध या विशेषाधिकार अनुबंध समेत प्रतिस्पर्धियों पर अंकुश लगाने वाले कोई भी अन्य अनुबंध करने से पहले कानून विभाग की राय लें।
- प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जैसे तीसरे पक्षों या सार्वजनिक घोषणाओं के रूप में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील जानकारी प्रतिस्पर्धियों के साथ साझा न करें और न ही ऐसी चर्चा करें।
- प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानकारी हमेशा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध उचित माध्यमों से लें; कभी किसी प्रतिस्पर्धी से ऐसी जानकारी न लें।
- व्यापारिक ग्राहकों के बेचने की कीमतों से कोई करारनामा न करें और न ही गलत तरीके से इन कीमतों पर प्रभाव डालें।
- प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुपालन की हमारी नीतियों और प्रक्रियाओं को समझें और उनका पालन करें।
- व्यापारिक प्रतिषद की गतिविधियों या प्रतिस्पर्धियों के साथ अन्य सम्मेलनों में शामिल होने से पहले कानून विभाग की अनुमति और प्रशिक्षण प्राप्त करें।

प्रतिस्पर्धा के कानून जटिल हैं और कई देशों के कानून उनकी सीमाओं के बाहर भी लागू हैं। अगर आपकी भूमिका में प्रतिस्पर्धियों या व्यापारिक ग्राहकों के साथ भावी बात-चीत शामिल है, तो महत्वपूर्ण है कि आप पूरा संबद्ध प्रशिक्षण प्राप्त करें और सवाल होने पर कानून विभाग की राय लें।

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. एक ट्रेड शो में, एक प्रतिस्पर्धी कहता है कि वे कीमतें बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। जवाब न देने पर क्या मैं इस जानकारी का इस्तेमाल कर सकता हूं?**

**उ.** नहीं। अगर कोई प्रतिस्पर्धी कीमतों से जुड़ी चर्चा करता है, तो उन्हें बतायें कि आप कीमतों की चर्चा प्रतिस्पर्धियों के साथ नहीं करते, और जल्द से जल्द कानून विभाग से संपर्क करें। यह एक अच्छा उदाहरण है कि कैसे बिना कुछ कहे भी किसी प्रतिस्पर्धी के साथ संपर्क ऐंटीट्रस्ट का जोखिम पैदा कर सकता है।

**प्र. एक प्रतिस्पर्धी के लिये काम करने वाले एक दोस्त ने सुना कि हमारे यहाँ उत्पादन की समस्याएँ हैं और उसने पूछा कि क्या इससे कुछ श्रेणियों में हमारी बिक्री प्रभावित होगी। मुझे क्या करना चाहिये?**

**उ.** तुरंत इस चर्चा को बंद कर दें और अपने दोस्त से कहें कि आप प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील जानकारी प्रतिस्पर्धी को नहीं दे सकते। जल्द से जल्द कानून विभाग से संपर्क करें।

**प्र. एक व्यापारिक ग्राहक बहुत ही कम कीमत पर बेच रहा है और अन्य लोग उसकी शिकायत कर रहे हैं। मुझ क्या करना चाहिये?**

**उ.** एक व्यापारिक ग्राहक के मूल्यों की चर्चा अन्य ग्राहकों के साथ न करें। साथ ही, किसी ग्राहक के साथ किसी विशिष्ट कीमत पर बेचने का कोई करारनामा न करें और न ही ग्राहकों पर कीमतें बढ़ाने के लिये कोई दबाव (या ईनाम) डालें। सहायता के लिये कानून विभाग की मदद लें।



## ऐसी कौन सी प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील जानकारियाँ हैं, जिन्हें कभी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में प्रतिस्पर्धियों के साथ साझा नहीं किया जाना चाहिये?

कोई भी गैर-सार्वजनिक जानकारी, जो किसी कंपनी के प्रतिस्पर्धा से जुड़े फैसलों को प्रभावित कर सकती हो, जैसे:

- कीमतें और संबंधित घटक (छूट, कटौती, भत्ता, नियम इत्यादि)
- प्रतिस्पर्धियों के मूल्य से संबंध न रखने वाले घटक, जैसे वॉरंटी, गुणवत्ता और विशेषताएँ/प्रदर्शन
- ऐसे विषय, जो अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर सकते हैं, जैसे खर्च, मार्जिन्स, मात्रा और क्षमता का उपयोग
- प्रचार, विज्ञापन और उत्पाद पोजीशनिंग समेत बिक्री और मार्केटिंग योजनाएँ
- कर्मचारियों के वेतन/लाभ समेत हमारे द्वारा खरीदी जाने वाली सेवाओं की दरें

कई देशों में, प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील जानकारी का आदान-प्रदान गैरकानूनी है, भले ही इसका कोई अनुबंध न हुआ हो। यह बात तीसरे पक्ष द्वारा जानकारी के आदान-प्रदान पर भी लागू होती है। तीसरे पक्षों से गैर-सार्वजनिक, प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी लेने या ऐसी जानकारी उन्हें देने से पहले कानूनी सलाह लें, जिसे वे हमारे प्रतिस्पर्धियों के साथ साझा कर सकते हैं।

## गैरकानूनी अनुबंध क्या है और इसके क्या परिणाम हो सकते हैं?

प्रतिस्पर्धा पर अंकुश लगाने वाले या खत्म करने वाले कुछ अनुबंध अपने आप गैरकानूनी होते हैं, जैसे मूल्य तय करने, क्षेत्र बाँटने, ग्राहकों को आवंटित करने, या उत्पादन अथवा बिक्री सीमित करने वाले अनुबंध। इन उल्लंघनों के परिणाम गंभीर होते हैं, जिनमें कंपनियों को भारी जुर्माने (कुछ देशों में) और कर्मचारियों को कारावास का समावेश है।

अन्य अनुबंध प्रतिस्पर्धी के साथ न किये जाने पर भी परिस्थिति के अनुसार कई बार गैरकानूनी हो सकते हैं, जैसे विशेषाधिकार अनुबंध, विक्रेता के साथ ''सबसे अच्छी कीमत'' का अनुबंध और किसी अन्य कंपनी से कर्मचारी न नियुक्त करने का अनुबंध। हमेशा प्रतिस्पर्धा को सीमित करने जैसे लगने वाले अनुबंध करने से पहले कानूनी सलाह लें।

गैरकानूनी अनुबंधों के लिये लिखित करारनामे की ज़रूरत नहीं होती। इन्हें अनौपचारिक चर्चाओं, ई-मेल्स या प्रतिस्पर्धियों के इसी प्रकार के व्यवहार के प्रमाण के साथ शुरू किया जा सकता है। प्रतिस्पर्धियों के साथ वैध संबंधों को भी गलत समझा जा सकता है, इसलिये यह महत्वपूर्ण है कि आप प्रतिस्पर्धियों से संपर्क के लिये कंपनी की अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करें।

**स्रोत**

जीसीपी-२ ऐंटीट्रस्ट/प्रतिस्पर्धी कानून नीति। कोई भी सवाल या संदेह होने पर कानून विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।

# हम काले धन के सख्त खिलाफ़ हैं

## हम सिर्फ प्रतिष्ठित पक्षों के साथ व्यापार करते हैं। किसी भी बिक्री या व्यापारिक संबंध के लिये हमारी ईमानदारी के साथ समझौता नहीं किया जा सकता।

हम कड़ी मेहनत से सुनिश्चित करते हैं कि हमारा व्यापार लोगों का विश्वास जीत सके और हवाला जैसी आपराधिक गतिविधियों को मंच न प्रदान करे।

हम अपने विक्रेता और ग्राहक सावधानी से चुन कर और किसी भी तरह के संदेहास्पद लेन-देन का पता लगाने वाली प्रक्रियाओं की मदद से हवाला-विरोधी कानूनों का पालन करते हैं। इससे हमें पता चलता है कि वे व्हर्लपूल मूल्यों और ब्रांड्स के साथ मेल खाते हैं या नहीं।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- प्रोक्योरमेंट और वित्त विभाग के साथ मिलकर सुनिश्चित करें कि विक्रेता और ग्राहकों के चयन और तीसरे पक्ष की जाँच-पड़ताल की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।
- सतर्क रहें और संदेहास्पद लेन-देन को पहचानें।
- अगर आपको कोई भी संदेहास्पद घटना याद हो, तो आगे बढ़ने से पहले उसकी चर्चा कानून विभाग के साथ करें।

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. एक ग्राहक हमें भुगतान करने के लिये कई बैंक खातों का इस्तेमाल करना चाह रहा है। क्या यह सही है?**

उ. यह आग्रह ग्राहक और उसके धन के स्रोत के संबंध में संदेह पैदा करता है। जल्द से जल्द अपने संचालक की सलाह लें या अन्य इंटेग्रिटी चैनल्स के माध्यम से शिकायत आगे बढ़ायें। संभवतः असामान्य और संदेहास्पद लेन-देन की सूचना देना आपकी ज़िम्मेदारी है।

**प्र. खातों का मासिक हिसाब करते समय मुझे एक ग्राहक की ओर से छोटे-छोटे असामान्य लेन-देन दिखाई दिये। छोटे होने के कारण क्या ये लेन-देन ठीक हैं?**

उ. यह संदेहास्पद लगता है। कोई चिंता स्पष्ट तभी होती है, जब घटना घट जाये या इसे भविष्य में घटने वाली किसी घटना के संदर्भ में देखा जाये। इस स्थिति के बारे में वित्त और कानून विभाग से बात करें।

स्रोत

जीसीपी-१३ हवाला-विरोधी नीति। कोई भी सवाल या संदेह होने पर वित्त विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।





# हम अपने वैश्विक कारोबार को नैतिकता के साथ करते हैं.

## हम हर दिन दुनिया भर में ईमानदारी के साथ व्यापार करके विश्वास जीतने की कोशिश करते हैं।

जब भी हम उत्पाद, घटकों, जानकारी, या लोगों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते हैं, हम सही तरीका ही अपनाते हैं। इसमें कोई भी आवश्यक विज़ा, लाइसेंस या स्वीकृतियाँ प्राप्त करने और सही कीमतें भरने का समावेश है।

हम जहाँ भी काम करते हैं, वहाँ के स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक कानूनों का पालन करते हैं। हम सरकारी स्वीकृतियों और प्रतिबंध का भी पालन करते हैं, जिनसे कई बार हमारे व्यापार का क्षेत्र और और व्यापारिक संबंधों का दायरा सीमित हो जाता है।

### यह आपके लिये क्या मायने रखता है?

- सुनिश्चित करें कि हमारी आयात/निर्यात प्रक्रियाओं और नियंत्रणों का पालन किया जा रहा है।
- हर देश के नियम अलग होते हैं और बदल सकते हैं। कस्टम्स या कानून विभाग से किसी विशिष्ट देश से उत्पाद, जानकारी या कर्मचारी प्राप्त करने से जुड़ी आवश्यकताओं पर नवीनतम जानकारी लेते रहें।
- बहिष्कारों और उनके संबंध में हमारे दृष्टिकोण को समझें।

### बहिष्कार क्या है?

यह कुछ देशों, संगठनों या लोगों के साथ व्यापार पर लगायी गयी रोक है। हम संयुक्त राष्ट्र, संयुक्त राज्य और यूरोपीय संघ जैसे मान्य प्राधिकरणों द्वारा जारी किये गये प्रतिबंधों का पालन करते हैं। हम किसी भी अनधिकृत बहिष्कार के आग्रह को नहीं मानते। बहिष्कार का कोई भी आग्रह प्राप्त होने पर कानून विभाग से संपर्क करें।

## पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र. पाकिस्तान के हमारे ग्राहक ने उत्पादनों को दुबई भेजने की मांग की है, जहाँ से पाकिस्तान तक आयात और प्राप्ति की जिम्मेदारी ग्राहक की होगी। मुझे क्या करना चाहिये?**

उ. इस स्थिति की समीक्षा के लिये कस्टम्स या कानून विभाग से संपर्क करें। कई बार मध्यस्थल या ट्रांसशिपमेंट पॉइंट का इस्तेमाल करने पर अन्य कानून लागू होते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत पड़ सकती है कि शिपमेंट वहाँ से पाकिस्तान निर्धारित उपयोग के लिये पहुंच जायेगा।

**प्र. विदेश में एक अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो में कंपनी का बूथ लगाने की जिम्मेदारी मेरी है। मैं अपने साथ कुछ उत्पादन के नमूने ला रहा हूं और छपाई के लिये कुछ तसवीरें एक स्थानीय विक्रेता को ईमेल कर रहा हूं। क्या मुझे मेरी कस्टम टीम से बात करनी चाहिये?**

उ. हाँ। आपको सुनिश्चित करना चाहिये कि आप कंपनी के आयात और निर्यात संबंधी बाध्यताओं को समझते हैं, क्योंकि आप किसी दूसरे देश में उत्पादन के नमूने लेकर जा रहे हैं और तसवीरें ईमेल कर रहे हैं।

स्रोत

कोई भी सवाल या संदेह होने पर कस्टम्स विभाग, कानून विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।

# हम अपने विक्रेताओं से भी नैतिकतापूर्ण कारोबार की अपेक्षा करते हैं

## हमारे विक्रेता ही हमारी सफलता और हमारे ब्रांड्स के उच्च स्तर तथा प्रतिष्ठा बनाये रखने का आधार हैं।

हम उच्चतम स्तरों का पालन करते हैं और हम अपने विक्रेता और व्हर्लपूल की तरफ से काम करने वाले तीसरे पक्षों से भी सही तरीके से व्यापार करने की उम्मीद रखते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे विक्रेता न सिर्फ तकनीकी रूप से योग्य हों, बल्कि साथ ही हमारे आचारनीति के स्तरों और व्यापारिक प्रक्रियाओं का भी पालन करें।

हमारी विक्रेता आचार संहिता व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन के साथ व्यापार के लिये आवश्यक स्तरों को स्पष्ट करती है।

**यह आपके लिये क्या मायने रखता है?**

- हमारी विक्रेता आचार संहिता को पढ़ें और समझ लें।
- तीसरे पक्षों को शामिल करने से संबंधित हमारी प्रक्रियाओं और आवश्यकताओं का पालन करें।
- हमारे साथ व्यापार करने वालों को ईमानदारी और सदाचार के लिये ज़िम्मेदार ठहरायें।

### पूछिए और कार्यवाही कीजिए

**प्र.** **मैं व्हर्लपूल का एक विक्रेता हूं, और मेरे सामने एक स्थिति आयी, जो इस इंटेग्रिटी मैन्युअल और व्हर्लपूल के मूल्यों के खिलाफ है। मुझे क्या करना चाहिये?**

**उ.** इसे व्हर्लपूल प्रबंधक के किसी भी सदस्य के साथ साझा करें या whirlpoolintegrityline.com पर व्हर्लपूल की इंटेग्रिटी लाइन समेत किसी भी इंटेग्रिटी चैनल का इस्तेमाल करें।

**प्र.** **किसी ने मुझे बताया के मेरे द्वारा प्रबंधित एक विक्रेता पर भ्रष्ट व्यापार प्रक्रियाओं की जाँच चल रही है। विक्रेता ने मुझे कुछ बताया नहीं है, और मुझे वेब से कोई जानकारी नहीं मिल रही। मुझे क्या करना चाहिये?**

**उ.** स्थिति की बेहतर जानकारी और आगे के उचित कदम तय करने के लिये यह जानकारी अपने संचालक को या प्रोक्योरमेंट विभाग के किसी भी अन्य सदस्य को दें।

**स्रोत**

विक्रेता आचार संहिता। कोई भी सवाल या चिंता होने पर प्रोक्योरमेंट, कानून विभाग या किसी भी इंटेग्रिटी चैनल से संपर्क करें।





# समय बदलता है...

## अपनी धरोहर को सुरक्षित रखते हुए

हमने पिछली सदी में कई बदलाव देखे है। लेकिन हर अधिनायक के साथ, हमारे मूल्य समान ही रहे हैं। व्हर्लपूल में आविष्कार और ईमानदारी की धरोहर हमारे हर काम का आधार है। ईमानदारी से काम करके ही हम बेहतरीन ब्रांडेड कन्ज़्यूमर प्रॉडक्ट्स कंपनी बन सकते हैं।

हमने उद्योगक्षेत्र में बदलाव में आगे रहते हुए और दुनिया भर के हमारे ग्राहकों की ज़रूरतों और इच्छाओं को पूरा करते हुए अपनी परंपरा को कायम रखा है।




''व्हर्लपूल की राह पर चल कर आप मांग बढ़ाने, विश्वास जीतने और हमारी परंपरा को कायमरखने में हमारी मदद करते हैं।''


मार्क बिट्ज़र
2017-अभी तक



**1911-1949 हमारे संस्थापक**



लूइस अप्टन




फ्रेड अप्टन




हमारा इतिहास शुरू होता है पहली इलेक्ट्रिक रिंगर वॉशिंग मशीन से, जिसे 1911 में अप्टन मशीन कंपनी ने बनाया था, और इसी के साथ हमने दुनिया भर के घरों में जीवनस्तर को बेहतर बनाने का अपना सफर शुरू किया।

**1950-1999**



एलिशा ''बड'' ग्रे
1949-1971



जॉन प्लैट्स
1971-1982




जैक स्पार्क्स
1982-1987

**2000-अभी तक**

एलिशा ''बड'' ग्रे
1949-1971



जेफ़ फेटिग
2004-20017





हमने ईमानदारी के साथ 100 वर्षों से भी ज़्यादा समय से अविष्कारों का इतिहास रचा है। हम इसी तरह उद्देश्य से उत्पादन बनाने, मांग तैयार करने और हर रोज लोगों का विश्वास जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे।

## .... लेकिन हमारे मूल्य कभी नहीं बदलते

ईएमईए और एशिया पैसिफिक क्षेत्रों में व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन द्वारा अधिकृत हॉटपॉइंट ब्रांड अमेरिका में बेचे जाने वाले हॉटपॉइंट ब्रांड के साथ संबद्ध नहीं है।

 © Whirlpool